THAAD, UNIFIL और ड्रैगन ड्रोन

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

चर्चा में क्यों?

हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका ने इज़रायल को एक **THAAD बैटरी** भेजी और इस क्रम में इज़रायली टैंकों ने **लेबनान में UNIFIL** पर हमला किया।

- एक अन्य घटनाक्रम में रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों द्वारा **ड्रैगन ड्रोन के उपयोग को देखा गया।**

टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD) क्या है?

- **THAAD का अवलोकन:** THAAD एक उन्नत **अमेरिकी एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली** है जिसे छोटी, मध्यम और मध्यवर्ती दूरी की **मिसाइलों को रोकने एवं नष्ट करने** के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - इसमें "हिट-टू-किल" दृष्टिकोण का उपयोग किया गया है जहाँ एक इंटरसेप्टर मिसाइल, विस्फोटकों के बजाय **केवल प्रभाव बल का उपयोग करके अपने लक्ष्य से सीधे टकराकर** उसे नष्ट कर देती है।
  - हालाँकि, यह प्रणाली ड्रोन जैसी **निम्न ऊँचाई पर उड़ान वाली वस्तुओं का पता लगाने में सक्षम नहीं है।**
- **विकास:** अमेरिका ने **वर्ष 1991 के खाड़ी युद्ध** के दौरान **इराक के स्कड मिसाइल हमलों** (जिसमें कई अमेरिकी सैनिक मारे गए थे) **के बाद THAAD का विकास किया।**
- **THAAD की तैनाती: वर्ष 2008** में अमेरिका ने **THAAD प्रणाली** के एक भाग के रूप में **प्रारंभिक मिसाइल चेतावनी रडार को** इज़राइल में तैनात किया। मिसाइलों को रोकने की इज़राइल की क्षमता को बढ़ाने के लिये **वर्ष 2012** और **वर्ष 2019 में भी इसी तरह की तैनाती** की गई थी।

//



ड्रैगन ड्रोन क्या हैं?

- **परिचय:** ड्रैगन ड्रोन **घातक UAV हैं जो थर्माइट** से लैस होते हैं।
  - **थर्माइट एल्युमीनियम और आयरन ऑक्साइड** का मिश्रण है, **जिसे रेल की पटरियों को वेल्ड** करने के लिये विकसित किया गया है।
- **ड्रैगन ड्रोन की कार्यप्रणाली: विद्युत फ्यूज** द्वारा थर्माइट को सक्रिय करने के साथ एक **स्व-अभिक्रिया को सक्रिय किया जाता है,** जिसे **रोकना अत्यंत कठिन** होता है।
  - **इससे सैन्य वाहनों, पेड़ों और यहाँ तक कि जल के नीचे** विभिन्न सामग्रियों को जलाया जा सकता है।
- **रूस-यूक्रेन युद्ध में तैनाती:** यूक्रेनी सेना ने इनका उपयोग **उन वनस्पतियों को जलाने के लिये किया था,** जिनका उपयोग रूसी सैनिक कवर के रूप

में करते थे।

  - रूस ने जल्द ही जवाबी कार्रवाई में ड्रैगन ड्रोन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।
- **युद्ध में थर्माइट का इतिहास:** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान **जर्मन ज़ेपेलिस द्वारा** थर्माइट से भरे बम गिराए गए, जिसे उस समय एक नवाचार माना गया।
  - द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों और धुरी राष्ट्रों ने अपने बमों और हथगोले में थर्माइट को शामिल किया था।
  - **ऐसे हथियारों को वस्तुओं को जलाने** या ज्वाला एवं ऊष्मा के माध्यम से **श्वसन संबंधी क्षति पहुँचाने** के लिये डिज़ाइन किया जाता है।
- **युद्ध में थर्माइट की विधिक स्थिति:** युद्ध में थर्माइट का उपयोग अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत **प्रतिबंधित नहीं है लेकिन आग लगाने वाले हथियारों को नागरिकों के खिलाफ उपयोग करने से** कतिपय पारंपरिक हथियारों पर कन्वेंशन द्वारा **निषिद्ध किया गया है।**
  - कतिपय पारंपरिक हथियारों पर कन्वेंशन के **प्रोटोकॉल III के अनुसार इनका उपयोग केवल सैन्य लक्ष्यों तक ही सीमित है।**

लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (UNIFIL) क्या है?

- **UNIFIL बेस पर सेंध:** दो इज़रायली **मर्कवा टैंक दक्षिणी लेबनान में UNIFIL बेस** के **दरवाज़ों को तोड़कर अंदर घुस गए** और विषैला धुआँ छोड़ा, जिसके कारण 15 संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक बीमार हो गए।
  - इज़रायल के प्रधानमंत्री ने लेबनान के **युद्ध क्षेत्रों** से UNIFIL सैनिकों को **वापस बुलाने का आग्रह किया** तथा दावा किया कि उनकी उपस्थिति अप्रत्यक्ष रूप से हिज़्बुल्लाह **को सुरक्षा प्रदान करती है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन: UNIFIL ने इज़रायल के हमलों को अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून** और **संकल्प 1701** का उल्लंघन बताया, जो शांति सैनिकों की आवागमन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है।
- **यूनिफिल की भूमिका: वर्ष 1978** में स्थापित, UNIFIL **संकल्प 1701 को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है, जो यह अनिवार्य करता है कि** ब्लू लाइन **और लितानी नदी** के बीच केवल लेबनानी राज्य बल और यूनिफिल ही मौजूद रहें।
  - **प्रस्ताव 1701 को वर्ष 2006** में सर्वसम्मति से अपनाया गया था, इसका उद्देश्य **हिज़्बुल्लाह और इज़रायल के बीच शत्रुता को समाप्त करना है।**
- **ब्लू लाइन:** ब्लू लाइन **लेबनान की दक्षिणी सीमा और इज़रायल की उत्तरी सीमा** पर **120 किमी तक फैली हुई है।**
  - यह कोई सीमा नहीं है, बल्कि **वापसी की रेखा है। इसे** संयुक्त राष्ट्र **ने वर्ष 2000** में लेबनान के दक्षिण से इज़रायली सेना की वापसी की पुष्टि के लिये निर्धारित किया था।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs)

??????????

Q. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित "टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD)" क्या है? (2018)

(a) इज़रायल की एक रडार प्रणाली
(b) भारत का घरेलू मिसाइल प्रतिरोधी कार्यक्रम
(c) अमेरिकी मिसाइल प्रतिरोधी प्रणाली
(d) जापान और दक्षिण कोरिया के बीच एक रक्षा सहयोग

उत्तर: (c)

प्रश्न: भूमध्य सागर निम्नलिखित में से किस देश की सीमा है? (2017)

1. जॉर्डन
2. इराक
3. लेबनान
4. सीरिया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/thaad,-unifil-and-dragon-drones